म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26–अरेरा हिल्स, किसान भवन,भोपाल.

कमांक–मंडी / प्रांगण / 16 / 2 / ब / पार्ट / 743 भोपाल,दिनांकः– 15/ 07 / 2015

–:: आदेश ::–

विषयान्तर्गत मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी (भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम 2009 के नियम 3(2) में यह स्पष्ट उल्लेख है कि "किसी भूमि या संरचना का आवंटन केवल कृषि उपजों के विपणन में सहायक या कृषकों की सुविधा के लिये वांछिनीय प्रयोजन के लिये अथवा उनके अनुषंगी किसी प्रयोजन में वांछनीय प्रयोग के लिये किया जाएगा"।

2– मंडी समितियों के प्रांगण में किसानों, व्यापारियों, हम्माल एवं तुलावटियों को सार्वजनिक सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने के साथ–साथ स्वच्छ एवं पौष्टिक आहार की उपलब्धता भी कराने का दायित्व कृषि उपज मंडी समितियों का है। इसी के अनुकम में कृषि उपज मंडी समितियों के प्रांगण में केन्टीन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

3– "सांची" म0प्र0 राज्य सहकारी उत्पादक दुग्ध महासंघ / संघ का दुग्ध उत्पाद है एवं यदि इसकी उपलब्धता प्रदेश के कृषि उपज मंडियों के प्रांगण में उपलब्ध कराई जाती है तो निश्चित ही यह किसानों के साथ मंडी प्रांगण में कार्यरत् रहने वाले हम्मालों, तुलावटियों आदि सभी के लिए पौष्टिक आहार की उपलब्धता को सुनिश्चित करेगा।

4– अतः म0प्र0 कृषि उपज मंडी (भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम 2009 के नियम 3(2) में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए प्रदेश की सभी कृषि उपज मंडियों के प्रांगणों में म0प्र0 राज्य सहकारी उत्पादक दुग्ध महासंघ / संघ के "सांची" उत्पादों के विकय हेतु पार्लर / बूथ लगाने हेतु विनिश्चय किया जाता है एवं एतद् द्वारा प्रदेश की समस्त कृषि उपज मंडी समितियों के द्वारा प्रस्ताव / सहमति अनुसार म0प्र0 कृषि उपज मंडी (भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम 2009 के प्रावधानों के अनुसार प्रकियाओं / प्रावधानों का पालन करते हुए "सांची" पार्लर / बूथ के लिए मंडी के प्रांगण में स्थान उपलब्ध कराये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

(अरूण पाण्डेय)
प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल.

कमांक–मंडी / प्रांगण / 16 / 2 / ब / पार्ट / 744 भोपाल,दिनांकः –15 / 07 / 2015

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1– सचिव, कृषि उपज मंडी समिति, ...जिला..................(समस्त) की ओर प्रेषित।
2– संयुक्त संचालक / उप संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय............................ (समस्त) की ओर प्रेषित।
3– प्रबंध संचालक, म0प्र0 राज्य सहकारी उत्पादक दुग्ध महासंघ, दुग्ध मार्ग हबीबगंज, भोपाल की ओर प्रेषित।

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल.